**पत्र सूचना शाखा**
**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**

## राज्यपाल ने एन0सी0सी0 कैडेटों को पदक देकर सम्मानित किया
## एन0सी0सी0 स्वाभिमान और आत्मविश्वास बढ़ाती है - राज्यपाल

लखनऊः 7 फरवरी, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित एक समारोह में गणतंत्र दिवस परेड-2017 नई दिल्ली में सम्मिलित उत्तर प्रदेश के राष्ट्रीय कैडेट कोर के 34 कैडेटों को स्वर्ण पदक एवं रजत पदक देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले कैडेटों में 20 लड़कियाँ एवं 14 लड़कों ने पदक प्राप्त किये। इस अवसर पर एन0सी0सी0 के पदाधिकारीगण सहित सेना के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। राज्यपाल ने एन0सी0सी0 ग्रुप मुख्यालय आगरा को 'गवर्नर बैनर' देकर सम्मानित भी किया। कैडेट्स को देखकर अपने समय को याद करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 'जब मैं पुणे में कामर्स का छात्र था तभी एन0सी0सी0 की शुरूआत हुई थी। मैं एन0सी0सी0 में गया और छात्र के नाते चयनित हुआ। कई प्रमाण पत्र मिले मगर कोई पदक नहीं मिला। आज मुझे पदक पाने वाले कैडेट्स को देखकर इच्छा हो रही है कि काश मुझे भी पदक मिलता'।

राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि एन0सी0सी0 सहित अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। आज के कार्यक्रम में 20 लड़कियों को पदक दिये गये हैं जबकि केवल 14 लड़के पदक प्राप्त कर पाये हैं। विश्वविद्यालय के दीक्षान्त समारोहों में भी यह देखने को मिलता है कि 70 प्रतिशत पदक लड़कियाँ प्राप्त कर रही हैं। सेना में महिलाओं का प्रवेश सीमित था लेकिन अब मौलिक अंतर आ रहा है। भारत की तस्वीर बदल रही है, महिलाओं की भागीदारी महिला सशक्तिकरण का परिचायक है। उपयुक्त माहौल मिलता है तो लड़कियाँ और भी आगे जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए शुभ संकेत है।

श्री नाईक ने एन0सी0सी0 कैडेटों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एन0सी0सी0 में जाने का सबसे बड़ा लाभ अनुशासन सीखना है। इससे शरीर, मन और आत्मविश्वास का निर्माण होता है। भारत सबसे बड़ा जनतांत्रिक देश है। 2025 तक भारत विश्व का सबसे युवा देश होगा। हमें यह प्रयास करना चाहिए कि इस युवा शक्ति को हम पूंजी में परिवर्तित करें। हमारे युवा प्रशिक्षण का लाभ उठाकर देश निर्माण में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि युवा अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ स्वयं में गुणवर्द्धन भी करें।

राज्यपाल ने कहा कि गणतंत्र दिवस की परेड में सम्मिलित होना गौरव की बात है। देश का संविधान एवं लोकतंत्र मन में विश्वास और उत्साह पैदा करते हैं तो एन0सी0सी0 स्वाभिमान और आत्मविश्वास बढ़ाती है। कैडेटों को व्यक्तित्व विकास एवं सफलता के मंत्र बताते हुये उन्होंने कहा कि सदैव मुस्कुराते रहें, दूसरों की सराहना करना सीखें, दूसरों की अवमानना न करें क्योंकि यह गति अवरोधक का कार्य करती हैं, अहंकार से दूर रहें तथा हर काम को अधिक अच्छा करने पर विचार करें। अपना व्यवहार ऐसा बनायें कि सबको अच्छा लगे। उन्होंने कहा कि सबका सहयोग प्राप्त करने वाला व्यक्ति ही जीवन में आगे बढ़ता है।

श्री नाईक ने कैडेटों का आह्वान किया कि प्रदेश के एक लाख छब्बीस हजार एन0सी0सी0 कैडेट मतदान के लिये आमजन को प्रेरित करें। प्रदेश में जनतंत्र के महाकुंभ को सफल बनाने के लिये ज्यादा से ज्यादा मतदान हो। 2012 के विधान सभा तथा 2014 के लोक सभा चुनाव में प्रदेश में लगभग 40 प्रतिशत लोगों ने मतदान नहीं किया था। गत दिनों पंजाब और गोवा में हुये मतदान के आकडे उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदान होना चाहिए।

इस अवसर पर मेजर जनरल संजीव जेटली ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा एन0सी0सी0 द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों के बारे में संक्षिप्त विवरण भी दिया। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एन0सी0सी0 निदेशालय उत्तर प्रदेश को दो प्रमुख ट्राफियों से सम्मानित किया गया है। समारोह में कैडेटों ने एन0सी0सी0 गीत भी प्रस्तुत किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर मोदीनगर से लखनऊ तक 618 किलोमीटर की साइकिल यात्रा तीन दिन में पूरी करने वाले कैडेटों का स्वागत राजभवन में किया।

----

अंजुम/ललित/राजभवन (48/5)

NCC DIRECTORATE UTTAR PRADESH
R D C CONTINGENT - 2017

राज भवन
BANNER
NCC DIRECTORATE UTTAR PRADESH

NCC

NCC